राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने लेमन ट्री प्रीमियर होटल का उद्घाटन किया

पटना, 04 जून 2017

''होटल–प्रबंधन को व्यावसायिक नजरिये से ज्यादा सामाजिक कल्याण और आतिथ्य भाव को प्राथमिकता देनी चाहिए। भारतीय संस्कृति में भी अतिथियों के सत्कार को महत्व दिया गया है। बिहार राज्य, जिसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है, में देशी और विदेशी लाखों पर्यटकों का सालों भर परिभ्रमण जारी रहता है। यहाँ पर्यटकों के सुविधाजनक आवासन की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए'' –उपर्युक्त विचार, महामहिम राज्यपाल श्री राम नाथ कोविन्द ने पटना में लेमन ट्री प्रीमियर होटल का औपचारिक उद्घाटन करते हुए व्यक्त किये।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पटना को 'टूरिस्ट हब' के रूप में विकसित करने के लिए यहाँ अच्छे होटलों की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। लेमन ट्री ग्रुप का यह होटल उस कमी को पूरा करेगा। श्री कोविन्द ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों से जब पटना सीधे जुड़ जाएगा और यहाँ ठहरने की समुचित व्यवस्था हो जायेगी, तो विदेशी और देशी पर्यटकों की संख्या में स्वतः इजाफा होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री कोविन्द ने कहा कि बिहार में आनेवाले पर्यटकों की सुविधा को बढ़ाना आज समय की माँग है। पर्यटकीय सुविधाओं के विकास के लिए राज्य में होटल उद्योग का विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नई 'औद्योगिक प्रोत्साहन नीति' के अंतर्गत राज्य में होटल–उद्योग के विकास हेतु बेहतर सुविधाओं के प्रावधान किए गये हैं। 'राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद' निवेश–प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करने में भी काफी सुगमता, सहजता और पारदर्शिता पूर्वक कार्य कर रहा है। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि भिन्न–भिन्न संस्थाओं, यथा –प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अग्निशमन आदि से 'अनापत्ति प्रमाण–पत्र' (NOC) प्राप्त करने की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया जाना जरूरी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के उद्योग मंत्री श्री जयकुमार सिंह ने होटल उद्योग के विकास हेतु राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी दी और कहा कि बहुत जल्दी इस प्रक्षेत्र में विकास के और अधिक नतीजे सामने आएँगे। कार्यक्रम को लेमन ट्री होटल ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री रतन केसवानी ने भी संबोधित किया और अपने ग्रुप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ॰ इन्दु भूषण सिन्हा ने स्वागत–भाषण किया। इस अवसर पर होटल के सी॰एम॰डी॰ श्री सुनील कुमार, एम॰डी॰ श्री मनीष कुमार एवं श्री अजय कुमार आदि भी उपस्थित थे।

....